**भारत सरकार**

**कारपोरेट कार्य मंत्रालय**

**लोकसभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या. 956**

**(जिसका उत्तर सोमवार, 02 दिसंबर, 2024/11 अग्रहायण, 1946 (शक) को दिया गया)**

# निजी निवेश में मंदी

**956. श्री विनोद लखमशी चावड़ा:**

**डॉ. हेमंत विष्णु सवराः**

**श्री रवीन्द्र शुक्ला उर्फ रवि किशनः**

क्या **कारपोरेट कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) कौशल अंतर को पाटने और उद्योग की मांगों को पूरा करने में शीर्ष 500 कंपनियों में 10 मिलियन युवाओं के लिए इंटर्नशिप की भूमिका क्या होगी;

(ख) क्या सरकार इन पहलों को कार्यान्वित करते समय निजी निवेश में मंदी से संबंधित चिंताओं का समाधान कर रही है; और

(ग) पालघर जैसे देश के जनजातीय बहुल जिलों के युवाओं के कौशल अंतर को पाटने के लिए और अधिक इंटर्नशिप कार्यक्रम शुरू करने के लिए सरकार की भावी योजनाएं क्या है?

**उत्तर**

**कारपोरेट कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री।**

**(श्री हर्ष मल्होत्रा)**

**(क):** बजट 2024-25 में घोषित प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) का उद्देश्य पांच वर्षों में शीर्ष 500 कंपनियों में एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करना है। इस योजना के माध्यम से, युवाओं को अकादमिक लर्निंग और उद्योग की आवश्यकताओं के बीच की खाई को पाटकर उनकी रोजगार क्षमता बढ़ाने के इरादे से विभिन्न व्यवसायों और रोजगार के अवसरों में वास्तविक जीवन के व्यवसायी वातावरण में 12 महीने के लिए एक्सपोजर मिलेगा।

**(ख):** राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी में उपलब्ध नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, निजी निगमों द्वारा सकल स्थायी पूंजी निर्माण वर्तमान कीमतों पर 2021-22 की तुलना में 2022-23 में 19.6% की दर से बढ़ा। व्यापार में सुगमता, कौशल और रोजगार सृजन के साथ-साथ बुनियादी ढांचे के निर्माण पर सरकार का ध्यान निजी निवेश के विकास के लिए एक अनुकूल वातावरण बनाता है। पीएमआईएस के तहत कंपनियों की भागीदारी स्वैच्छिक है।

**(ग):** पीएमआईएस की पहल के रूप में, कारपोरेट कार्य मंत्रालय ने 3 अक्टूबर, 2024 को योजना की एक पायलट परियोजना शुरू की है, जिसका लक्ष्य वित्तीय वर्ष 2024-25 में 1.25 लाख इंटर्नशिप अवसर प्रदान करना है। अब तक, कंपनियों ने सभी राज्यों/संघ शासित प्रदेशों के 745 जिलों को कवर करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में 1.27 लाख से अधिक अवसरों की पेशकश की है। पालघर जिले में 14 कंपनियों ने 185 इंटर्नशिप अवसर पोस्ट किए हैं। पालघर के 484 उम्मीदवारों ने पीएमआईएस पोर्टल पर पंजीकरण किया है और अपना प्रोफाइल पूरा कर लिया है।

पायलट प्रोजेक्ट एक महत्वपूर्ण चरण है जो पूर्ण पैमाने पर कार्यान्वयन से पहले अवधारणाओं, रणनीतियों और प्रणालियों का परीक्षण करने की अनुमति देता है। पायलट प्रोजेक्ट के कार्यान्वयन के दौरान प्राप्त फीडबैक और परिणामों के मूल्यांकन के आधार पर, पीएम इंटर्नशिप योजना के पहले चरण को शुरू करते समय तैयार किए गए पाठों को ध्यान में रखा जाएगा, जैसा कि बजट 2024- 25 में घोषित किया गया है।

*****